# बाल साहित्य पुरस्कार शहर में दिए जाएंगे

लखनऊ, कार्यालय संवाददाता। साहित्य अकादमी दिल्ली का बाल साहित्य पुरस्कार अर्पण समारोह 2024 इस बार बाल दिवस पर लखनऊ में होगा।

दो दिवसीय आयोजन के पहले दिन 14 नवम्बर को शाम पांच बजे भागीदारी भवन गोमतीनगर में मुख्य अतिथि प्रो.सूर्य प्रसाद दीक्षित और समारोह की अध्यक्षता कर रहे अकादमी के अध्यक्ष माधव कौशिक भारतीय भाषाओं के 24 बाल साहित्यकारों को 50 हजार की राशि और ताम्रफलक देकर पुरस्कृत करेंगे। दूसरे दिन 15 नवंबर को लेखकों के वैचारिक सत्र होंगे।

## 24 साहित्यकारों को बाल साहित्य अकादमी पुरस्कार

अकादमी के सचिव के. श्रीनिवासराव ने बताया कि बाल साहित्य पुरस्कार 2024 बाल रचनाएं करने वाले 24 साहित्यकारों को दिया जा रहा है। जिसमे लेखक रंजु हाजरिका- असमिया, दीपान्विता राय- बांग्ला, भार्जिन जेकङ्भा मोसाहारी- बोडो, बिशन सिंह दर्दी- डोगरी, नंदिनी सेनगुप्ता- अंग्रेजी, गिरा पिनाकिन भट्ट- गुजराती, देवेन्द्र कुमार- हिंदी, कृष्णमूर्ति बिलिगेरे- कन्नड़, मुजफ्फर हुसैन दिलबर- कश्मीरी शामिल हैं। वहीं हर्षा सद्गुरु शेटये- कोंकणी, नारायणजी- मैथिली, उन्नी अम्मायंबलम- मलयालम, क्षेत्रिमयुम सुवदनी- मणिपुरी, भारत सासणे- मराठी, वसंत थापा- नेपाली, मानस रंजन सामल- उड़िया, कुलदीप सिंह दीप- पंजाबी, प्रहलाद सिंह झोरडा- राजस्थानी, हर्षदेव माधव- संस्कृत, दुगाई टुडु- संथाली, लाल होतचंदानी लाचार- सिंधी, युमा वासुकि- तमिल, पामिदिमुक्कला चंद्रशेखर आजाद- तेलुगु और शम्सुल इस्लाम फारूकी- उर्दू भाषा के लिए चयनित हैं। समारोह के दूसरे दिन 15 नवंबर को हिन्दी संस्थान में लेखक सम्मेलन होगा।